हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

9 हनुमान जोहड़ी धाम में बनेगा श्रीराम मंदिर और गुरुकुल



10 युवाओं को नशा छोड़ने के लिए करेंगे प्रेरित



## सीएम फ्लाइंग ने ऑयल मिल में मारा छापा,सरसों का कैंटर पकड़ा

### मार्केट फीस चोरी करने पर 3250 रुपये जुर्माना लगाया, 50 टन सरसों थी कैंटर में

मिल मालिक सीएम फ्लाइंग के सामने सरसों की मार्केट फीस संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

चौधरी के चिड़िया रोड स्थित एक ऑयल मिल पर सिम फ्लाइंग ने छापा मारा। छापेमारी में फ्लाइंग ने सरसों से भरा एक टैंकर पकड़ा। जिसमें 50 टन सरसों भरी हुई थी। टीम ने मार्केट फीस चोरी करने पर 3250 रुपये का जुर्माना लगाया है। सोमवार को सीएम फ्लाइंग, मार्केट कमेटी व गुप्तचर विभाग की टीम ने चिड़िया रोड स्थित मकड़ानिया ऑयल मिल पर छापा मारा। मिल में एक कैंटर सरसों से भरा खड़ा था। टीम ने मिल मालिक से सरसों की मार्केट फीस संबंधी दस्तावेज मांगे तो है प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद कैंटर में भरी सरसों का वजन किया गया , जो 50 क्विंटल मिली। मार्केट कमेटी सुपरवाइजर विनोद कुमार ने मार्केट फीस चोरी करने पर 3250 रुपये का जुर्माना लगाया। विनोद कुमार ने बताया कि एक गुप्त सूचना मिली थी कि मिल में सीधी सरसों खरीदी जा रही है। मिल मालिक ने मार्केट कमेटी फीस नहीं भरी है। मार्केट फीस चोरी करने पर 3250 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।



चरखीदादरी। मिल में सरसों से लदा कैंटर। फोटो : हरिभूमि

**मार्केट फीस की चोरी नहीं होने दी जाएगी**

मार्केट कमेटी सुपरवाइजर विनोद कुमार ने कहा कि कुछ मिल मालिक किसानों से सीधी सरसों की खरीद करते हैं। ऐसे कई मामले पहले भी आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में मार्केट फीस की चोरी नहीं होने दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 मार्च को

**भिवानी।** राज्य चुनाव आयोग, हरियाणा द्वारा जारी नगर पालिका बवानीखेड़ा, सिवानी और लोहारू की अधिसूचना अनुसार मतदाता सूची तैयार कर अंतिम प्रकाशन 18 मार्च को किया जाना है। मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम का शेड्यूल तैयार किया गया है। 29 जनवरी से दावे व आपत्तियां लेनी शुरू कर दी गई हैं। डीसी नरेश नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 22 जनवरी 2024 को अंतिम रूप से प्रकाशित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के संबंधित क्षेत्र के निर्वाचकों का वितरण और इस अधिसूचना की तिथि तक के सभी पूरक, प्रारूप में नगर पालिकाओं के वार्ड में मतदाता सूची के प्रारूप अनुसार 29 जनवरी से आठ फरवरी 2024 तक तैयार किया जाएगा।

### व्यावसायिक मार्गदर्शन जागरूकता सप्ताह 31 से

**भिवानी।** रोजगार विभाग द्वारा डीसी नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में स्थानीय केएम कॉलेज में 31 जनवरी को व सीबीएलयू में दो फरवरी को व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान युवाओं को किसी भी क्षेत्र में निपुण बनने बारे मार्गदर्शन दिया जाएगा। सहायक जिला रोजगार अधिकारी दीपक शर्मा ने ये बताया कि रोजगार विभाग द्वारा केएम कॉलेज में 31 जनवरी को व दो फरवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

### सड़क हादसे में मिस्त्री की मौत, केस दर्ज

**बहल।** बहल से पिलानी रोड पर बीआरसीएम कॉलेज व सोरड़ा कदीम गांव के बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पाजू निवासी मिस्त्री की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मौत को नील गाय से हुई हुई दुर्घटना बताया जबकि उनकी मौत किसी वाहन की चपेट में आने से हुई थी। परिजनों के बयान पर पुलिस ने बाद में मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## सखी वन स्टॉप सेंटर का सीजेएम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**जांच**

- सीजेएम राठी ने हिंसा की शिकार महिलाओं से संबंधित केस रजिस्टर जांचा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम कपिल राठी ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान सीजेएम कपिल राठी ने हिंसा की शिकार महिलाओं से संबंधित केस रजिस्टर की भी जांच की, जिन्हें इस केंद्र द्वारा इलाज, कानूनी सहायता और मानसिक राहत के लिए परामर्श और सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने यहां तैनात अधिकारी से कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर पर मदद के लिए आने वाली हर पीड़ित महिलाए जिसे निःशुल्क कानूनी सहायता या वकील की सेवाएं चाहिए, वह तुरंत जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी के कार्यालय में संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर द्वारा हिंसा की शिकार महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए, ताकि मुश्किल की घड़ी में महिलाओं को इस केंद्र से सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि अगर आम लोगों में इस बारे में जागरूकता होगी तो जरूरतमंद महिलाएं जरूरत पड़ने पर इस सखी वन सेंटर का लाभ उठा सकेंगी। सीजेएम.कम.सचिव ने कहा कि महिला व बच्चे मदद के लिए हेल्पलाइन 181 पर संपर्क कर सकते हैं। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि सखी सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में दुष्कर्म, घरेलू हिंसा, तेजाब पीड़ित, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर क्राइम, गायब होने, अपहरण, दहेज आदि महिलाओं व लड़कियों को वन स्टाप सेंटर पर तत्काल मदद मुहैया करवाई जाती हैं। पीड़ित महिलाओं को एक फोन काल पर तत्काल मदद मिलती है।

## कम पहुंच रहा राशन, डिपो होल्डरों से हो रहा दुर्व्यवहार

**भिवानी।** राशन डिपो पर कार्ड धारकों की संख्या के आबंटन से भी कम राशन आने के कारण डिपो होल्डरों को लाभार्थियों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। डिपो होल्डरों ने उपायुक्त के माध्यम से सरकार को पत्र भेजकर अपनी समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों से जिले में डिपो होल्डरों को आबंटन के लिए मिलने वाला राशन 15 से 20 प्रतिशत तक कम आ रहा है। इस कारण वे लाभार्थियों का राशन पूरा नही कर पाते और लाभार्थी उनसे गाली गलौज, लड़ाई.झगडा व मारपीट करते हैं। इसकी वजह से डिपो होल्डर काफ ी हताश व परेशान है।

डिपो होल्डर प्रतिनिधि संजय सेठी ने बताया कि जहां एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइन खत्म होने की बात कहते हैं वही प्रदेश के डिपोओ पर लाइन खत्म नहीं हुई है। पिछले काफी समय से डिपोओ पर राशन लेने के लिए लोगो की भीड़ लगातार बढ़ रही हैं। कुछ महीनों से जिले के डिपो होल्डरों को आबंटन के लिए मिलने वाला राशन 15 से 20 प्रतिशत तक कम आ रहा है। इस कारण वे लाभार्थियों का राशन पूरा नही कर पाते और लाभार्थी उनसे गाली गलौज, लड़ाई.झगडा व मारपीट करते हैं। इसकी वजह से डिपो होल्डर काफी हताश व परेशान का सामना करना पड़ रहा है।

## गांव भेरा में टिकाऊ खेती और गौ उत्पाद उद्योग की स्थापना 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक सदस्य एवं ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन होशियार सिंह सांगवान ने टिकाऊ खेती जनजागरण अभियान के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को गांव आलमपुर में किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गांव भेरा में राकेश जैनावा के खेत में टिकाऊ खेती-गौ उत्पाद उद्योग की स्थापना की जाएगी तथा महात्मा गांधी के सपने स्वदेशी टिकाऊ खेती से स्वरोजगार और स्वरोजगार से स्वाबलंबर तथा स्वावलंबन से स्वराज्य की ओर को साकार करने के स्वप्न को गति देने का काम किया जाएगा।

सांगवान ने बताया कि इस दौरान टिकाऊ खेती के विशेषज्ञ महेंद्र सिंह गोदारा द्वारा किसानों को उत्तम टिकाऊ खेती की



संपूर्ण जानकारी दी जाएगी, ताकि स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक व राजनीतिक आजादी हासिल कर सके। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर लाभ उठाए। मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर खरेटा ने कहा कि सरकार अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए कृषि व्यवस्था को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आधीन करना चाहती है।

इस अवसर पर पप्पू नंबरदार झांवरी, कवि वजीर श्योराण, नरेश जेवलिया, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।


## बेटी का घोड़ी पर निकाला बनवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बाड़ी महोल्ला निवासी मास्टर विजेंद्र ने अपनी पुत्री आरती तंवर को घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकालने की अनूठी पहल समाज में पेश की। आरती की शादी कोंट रोड निवासी विकास के साथ होगी। आरती के पिता मास्टर विजेंद्र ने बताया कि उनका एक लड़का व एक लड़की है।

### उड़ान भर रही बेटियां

उन्होंने लड़का-लड़की में कभी भेदभाव नहीं समझा तथा उन्होंने अपनी बेटी को घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकाला तथा लड़कियों को समान अधिकार का उद्देश्य समझाया। मास्टर विजेंद्र की पहल की प्रशंसा करते हुए नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था की प्रधान उर्मिला सुरेश सैनी ने कहा कि ये पहल सामाजिक तानाबाने और रुढ़िवादी विचारधारा को बदलने को काफी अच्छी शुरूआत के रूप में देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है तथा बेटियां अपनी प्रतिभा के दम पर सफलता की उड़ान भर रही है।



- लड़का-लड़की के भेदभाव को मिटाने के उद्देश्य से की पहल : विजेंद्र
- आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं

भिवानी। घोड़ी पर बनवारा नि,कालती मास्टर विजेंद्र की बेटी आरती तंवर।

## स्वर्ण पदक विजेता चेष्टा व कोच का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

63वीं स्कूली बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गांव राजगढ़ की बेटी चेष्टा ने राष्ट्रीय सत्र पर स्वर्ण पदक जीता। इस उपलक्ष्य में आर्य स्कूल द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमे बतौर मुख्यतिथि एवं अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुजर व विशिष्ट अतिथि प्रमोद पुनिया ने शिरकत की। राजगढ़ के सरपंच नरेंद्र ने अतिथियों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि स्कूल से अंतिमा का खेलो इंडिया में चयन हुआ है।

उल्लेखनीय हैं कि दिल्ली में संपन्न हुई स्कूल नेशनल गर्ल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अजीत बॉक्सिंग क्लब की मुक्केबाज स्वर्ण पदक विजेता चेष्टा यदुवंशी व कोच फ्रुटी का गांव राजगढ़ में पहुंचने पर ग्रामीणों व स्कूल स्टाफ ने जोरदार स्वागत किया। प्राचार्य सुनील व उपप्राचार्या सुमन ने मुक्केबाज चेष्टा को आशीर्वाद दिया। कोच नवीन फ्रुटी ने कहा कि खिलाड़ी चेष्टा बहुत ही होनहार खिलाड़ी है। इस मौके पर क्लब प्रधान सुरेन्द्र सिवाच, चेष्टा के पिता महेन्द्र यदुवंशी, मनजीत अहलावत, शेरसिंह ग्रेवाल, राजेश बेनीवाल, पूर्व पार्षद संदीप भारद्वाज, विकास पंघाल, राजेश मिड्ढा, श्याम सारसर, अजय सुहाग, ओमबीर बैनीवाल, मोनू वर्मा, डॉ. मनफूल ग्रेवाल, विकास बेनीवाल, सतबीर दूहन, भूपेंद्र ग्रेवाल, सतेन्द्र सांगवान, धर्मबीर दूहन, मनजीत फौजी, सरपंच आशीष बेनीवाल, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज प्रवीण लीली आदि ने बधाई दी।



भिवानी। पदक विजेता चेष्टा व कोच फ्रुटी का स्वागत करते खेलप्रेमी। फोटो : हरिभूमि

## ब्याज सहित पैसे लेने की मांग को लेर कुंगड़ में अन्नदाताओं का धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव कुंगड़ स्थित एसबीआई शाखा के पूर्व मैनेजर द्वारा सैकड़ों किसानों को करोड़ों रूपये की चपत लगाने का मामला उजागर होने के बाद से अपना रूपया ब्याज सहित वापिस लेने की मांग को लेकर गांव कुंगड़ स्थित एसबीआई शाखा के समक्ष किसानों का धरना 27वें दिन भी लगातार जारी रहा। इस दौरान अन्नदाताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए जल्द से जल्द उन्हे उनका रूपया ब्याज सहित वापिस देने की मांग की। म

'गलवार को धरने की अध्यक्षता जिले सिंह गोयत ने की तथा संचालन ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के बवानीखेड़ा ब्लॉक प्रधान चांदीराम कुंगड़ ने किया। धरने को संबोधित करते हुए ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के बवानीखेड़ा ब्लॉक प्रधान चांदीराम कुंगड़ ने कहा कि भाजपा शासनकाल में किसानों की परेशानियां दिन.प्रतिदिन बढ़ी ही है। अन्नदाता कभी सरकार की नीतियों से परेशान होकर तो कभी अधिकारियों की लालच की भेंट चढक़र सडक़ों पर उतरने को मजबूर है, लेकिन उनकी सुनवाई करने की बजाए उन्हे सिर्फ मानसिक तौर पर प्रताड़ित ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक के नाक तले एसबीआई की कुंगड़ शाखा के पूर्व मैनेजर द्वारा सैंकड़ों किसानों से करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार किया, वो भी बैंक की नांक तले, इससे यह साबित होता है कि बैंक प्रशासन अपने उपभोक्ताओं की रूपयों ]की प्रति कोई जवाबदेही नहीं रखता। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक किसानों का उनका रूपया ब्याज सहित नहीं मिल जाता, उनका धरना जारी रहेगा। साथ ही कहा कि यदि बैंक द्वारा तय समय अनुसार रूपया नहीं दिया गया तो किसान अपना संघर्ष तेज करने पर मजबूर होंगे।

## स्व. भलेराम सामाजिक प्रवृत्ति के नेक इंसान थेः मुख्यमंत्री



भिवानी। सांसद धर्मबीर सिंह के पिता भलेराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सीएम

- सांसद धर्मबीर सिंह के पिता चौ. भले राम का 22 जनवरी को हो गया था निधन
- सांसद जांगड़ा, विधायक घनश्याम सर्राफ, विधायक असीम गोयल आदि ने भी जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल सोमवार को भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के महम रोड स्थित निवास स्थान पहुंचे और सांसद धर्मबीर सिंह के पिता स्व. चौ. भले राम के निधन पर शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि चौ. भलेराम बड़े नेक इंसान थे। उन्होंने पूरा जीवन समाज सेवा में लगाया। वे सात्विक प्रवृत्ति के थे तथा जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करना उनके स्वभाव में था।

सीएम ने कहा कि सांसद धर्मबीर सिंह के पिता चौ. भले राम का 22 जनवरी को निधन हो गया था तथा 23 जनवरी को उनके पैतृक गांव तालू में अंतिम संस्कार किया गया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कोई व्यक्ति नहीं चाहता कि उनके सिर से माता.पिता का साया उठ, लेकिन स्व. चौ. भले राम 94 साल की उम्र में अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके गए हैं और अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोडक़र गए हैं, जो एक तरह से परमात्मा की विशेष कृपा है।

### इन्होंने जताया शोक

इस दौरान राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, विधायक घनश्याम सर्राफ, विधायक असीम गोयल, डीसी नरेश नरवाल व एसपी वरुण सिंगला, राज्य दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़, शिक्षा बोर्ड चेयरमैन वीपी यादव, जिला परिषद सीईओ अनुराग ढालिया, डीएसपी लोहारू अशोक कुमार, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य शंकर धूपड़, भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़, पूर्व विधायक शशि रंजन परमार, बबीता फोगाट, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ठा. विक्रम सिंह, जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान व , महीपाल बड्ढू, रोहतास चौहान, मंडल अध्यक्ष विनोद चावला, नवीता तंवर, सुभाष जांगड़ा कुरड़ी, सुनील वर्मा नम्बरदार सहित अनेक राजनेता गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो. हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा बोले...

## प्रदेश के सभी कोचिंग संस्थान अवैध, जल्द ही बंद होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

केएम पब्लिक स्कूल में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा न कहा कि प्रदेश में चल रहे सभी कोचिंग सेंटर अवैध हैं और जल्द ही सभी पर ताला लगा होगा क्योंकि किसी ने सरकार से मान्यता नहीं ले रखी और जो नए निर्देश केंद्र सरकार न जारी किए हैं कोई भी कोचिंग सेंटर मान्यता की शर्तें पूरी नहीं कर पायेगा। ऐसे में उन्हें अपने सेंटर बंद करने ही होंगे।

एसोसिएशन शुरू से ही इन अवैध कोचिंग सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करता रहा है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जारी निर्देशों से ये स्पष्ट हो गया है कि एसोसिएशन का स्टैंड सही था। केंद्र सरकार द्वारा 16 आयु वर्ष से कम के विद्यार्थियों को कोचिंग सेंटरों व शिक्षण अकेडमियों में दाखिला नहीं दिलवाए जाने के फैसले का हरियाणा प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने स्वागत किया है। एसोसिएशन ने यह निर्णय भी लिया है कि हर जिला में शिक्षा अधिकारियों के साथ मिलकर केंद्र सरकार के इस फैसले की अनुपालना के लिए उनकी एसोसिएशन कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगी। क्योंकि किसी भी बच्चें का सर्वांगीण विकास स्कूल में होता है ना कि कोचिंग सेंटर या अकादमी में। यह जानकारी हरियाणा प्राईवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने भिवानी में पत्रकार वार्ता कर दी। इस मौके पर एसोसिएशन द्वारा एक प्रदेश स्तरीय मीटिंग का आयोजन भी भिवानी में करवाया गया। जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल क्या योगदान दे सकते है, इस पर चर्चा की गई। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्राईवेट अकादमी व कोचिंग सैंटर बेवजह की प्रतिस्पर्धा का निर्माण कर कम आयु के बच्चों के मानसिक विकास को बाधित करने का कार्य करते है। जिसके चलते केंद्र सरकार को ऐसा नियम बनाना पड़ा। ऐसे में अब शिक्षा विभाग हरियाणा व शिक्षा अधिकारियों का दायित्व बनता है कि इस नियम का कड़ाई से पालन किया जाए। इसके लिए जिला स्तर पर कमेटियां गठित कर 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों का कोचिंग सेंटर व शिक्षण अकादमियों में दाखिला रोका जाए। बच्चों को स्कूल, जहां खेल व प्रैक्ट्किल की गतिविधियां शामिल हो, दाखिले की व्यवस्था की जाए। उनकी एसोसिएशन अभिभावकों के बीच जाकर भी उन्हे केंद्र सरकार के नए नियम को लेकर जागरूक करने का काम करेगी।

इस मौके पर प्राईवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने राज्य सरकार व शिक्षा विभाग से यह मांग भी की कि शिक्षा नियमावली 134, के तहत प्रदेश के 12 लाख के लगभग स्कूलों का 800 करोड़ के लगभगी रूपया 8 साल से शिक्षा विभाग में पैंडिंग है, जो इन स्कूलों को आबंटित किया जाना चाहिए। उसे जल्द से जल्द आबंटित करने का कार्य शिक्षा विभाग करें, ताकि बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने वाले स्कूल आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें।



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर एसोसिएशन के भिवानी प्रधान अमित डागर, सचिव कर्ण मिर्ग तथा विभिन्न स्कूलों के संचालक और आनंद बासिया, कमला गुरेजा, डीपी कौशिक, शमशेर सिंह, विमलेश आर्य, अमित धूपड़, वीनू गिरधर, अजय गुप्ता, धन सिंह अग्रवाल, रेनू सैनी, संजीव श्योराण, यतिंदर नाथ, निश्छल गोयल,आदि उपस्थित थे।

- केंद्र सरकार के निर्देशानुसार कोई भी कोचिंग सेंटर मान्यता की शर्तें पूरी नहीं कर

हरिभूमि सहेली



महिलाएं जॉब वर्ल्ड में आ जरूर रही हैं, लेकिन वे अकसर अबला होने की मानसिकता से घिरी रहती हैं, यह मानसिकता उनकी तरक्की के मार्ग में बाधक है। आपको अगर सक्सेसफुल प्रोफेशनल बनना है, तो अबला होने की मानसिकता से उबरना होगा। पूरे कॉन्फिडेंस के साथ बहुत ही समझदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, तभी आप सक्सेसफुल कहलाएंगी।

# प्रोफेशनल फील्ड में ऐसे जमाएं अपनी धाक

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

इसमें कोई दो राय नहीं कि पुरुषों की तुलना में वर्किंग वूमेन के सामने ज्यादा चैलेंजेस होते हैं। उनकी तरक्की की राह में बार-बार रोड़े अटकाए जाते हैं। परिवार के सदस्य भी उनसे असंतुष्ट रहते हैं। घर में कभी पति, कभी सास और ऑफिस में कभी बॉस या कभी कुलीग्स उन पर तंज कसते रहते हैं। कई लोग तो महिलाओं की कामयाबी के पीछे हमेशा कोई गलत एंगल तलाशते हैं। कई बार महिलाएं इन बातों से घबरा जाती हैं। अपने करियर को बीच में ही रोक कर घर बैठ जाती हैं, वहीं कुछ महिलाएं इन अड़चनों का साहस के साथ सामना करती हैं, वर्किंग वूमेन के रूप में अपने आपको साबित करती हैं। अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी तरक्की की राह में रोड़ा बनी मुसीबतों को दूर करके सफलता के शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों को अमल में लाना होगा। इन्हें अपनी काबिलियत बनाना होगा।

**बोल्ड, फ्रेंक एंड फेयर स्पीकर बनें :** किसी भी वर्किंग वूमेन में अगर ज्यादा लचीलापन दिखेगा या वह संकोचवश चुप रहेगी, तो लोग इसका गलत अर्थ निकालेंगे, उसकी चुप्पी का फायदा भी उठाएंगे। चाहे मामला सैलरी के निगोसिएशन का हो या मीटिंग रूम में किसी टीम मेंबर या टीम लीडर के रूप में हो, आप जब दृढ़ता-स्पष्टता से बोलेंगी, तभी लोग आपको गंभीरता से लेंगे। आप अगर टीम लीडर हैं, आपकी टीम का कोई मेंबर ढंग से काम नहीं कर रहा है, तो उसे स्पष्ट बता दें कि उसके काम का यह तरीका सही नहीं है, यदि वह रिजल्ट नहीं देगा तो आप सहन नहीं करेंगी।



**अपना एटिट्यूड रखें प्रोफेशनल :** आपको सफल होना है तो बार-बार महिला होने का रोना, उसका फायदा उठाने की आदत छोड़नी होगी। कई महिलाएं अकसर ऑफिस देर से पहुंचती हैं, घर के काम की मजबूरी का बहाना बनाती हैं। यह गलत रवैया है। यदि ऑफिस में रेपुटेशन बनानी है, सफल होना है तो प्रोफेशनल एटीट्यूड रखें। हर रोज ऑफिस, मीटिंग या किसी भी अन्य काम के लिए सही समय से पहुंचें और पूरी शिद्दत से काम करें। डेडलाइंस को उतनी ही सीरियसली लें, जितना सीरियसली आप ट्रेन छूटने के टाइम को लेती हैं। यह भी जान लें, लोगों के सहयोग के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। सहयोगियों को आपके द्वारा सराहे जाने और फ्रेंडली पेश आने के तीन फायदे हैं- पहला लोग आपकी लेग पुलिंग नहीं करेंगे, दूसरा-आप द्वारा दिए गए काम को लोग पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ करेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि सफलता का क्रेडिट आप सबको देने वाली हैं, तीसरा बॉस की नजर में आपकी अहमियत बढ़ जाएगी, वे आपको एक कामयाब प्रोफेशनल वूमेन मानेंगे।



**अगर लेना हो प्रेग्नेंसी या सिकनेस ब्रेक :** कई बार प्रेग्नेंसी, किसी गंभीर बीमारी या पारिवारिक दायित्व की वजह से महिलाओं को लंबी छुट्टी या जॉब से ब्रेक लेना पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे, यह ब्रेक आपके करियर की राह को ना तोड़े। ब्रेक के दौरान अपने आपको अपडेट करती रहें। ऑफिस कुलीग्स से फोन, ई-मेल या सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से जुड़ी रहें ताकि आप वर्किंग वर्ल्ड से पूरी तरह अलग ना हो जाएं। ब्रेक के बाद खुद को मानसिक-शारीरिक रूप से तैयार करें और फिर से काम करने के लिए मैदान में आ जाएं। अगर पिछली नौकरी छूट भी गई है, तो आपको दोबारा मिल सकती है। अच्छे व्यवहार, मेहनती और डिवोटेड वर्कर की अपनी इमेज के बूते आपके लिए दोबारा नौकरी हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।

### अपने टैलेंट की करें पब्लिसिटी

जब तक आप अपनी प्रतिभा, कौशल और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएंगी नहीं, उन्हें कैसे पता चलेगा कि आपमें भी कुछ 'दम' है। ऑफिस में जब भी कुछ उल्लेखनीय करती हैं तो अपने बॉस और कुलीग्स को जरूर बताएं। आपने कोई डिप्लोमा-डिग्री ली है, कहीं सम्मानित की गई हैं, किसी बड़े क्लाइंट से ऑर्डर हासिल किया है, कोई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है, तो बातों ही बातों में इसका जिक्र सबके सामने करें ताकि लोग आपकी इंपॉर्टेंस समझें, आपको गंभीरता से लें। चुपचाप काम करते रहने वाली महिलाओं की कोई कद्र नहीं होती, लोग उन्हें 'अंडरएस्टीमेट' करते हैं, इतना ही नहीं 'टेक इट फॉर ग्रांटेड' भी लेते हैं।

### सही ढंग से करें मैनेज

**वर्किंग वूमेन** की सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है टाइम की कमी, क्योंकि उन्हें दोहरी जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। इसलिए वर्किंग वूमेन के रोल में आप इस तरह मैनेज करें-

- कुछ समय अपने लिए जरूर बचाएं। परिवार के लोगों में काम बांटकर अपने काम का बोझ कम करें। पति और बच्चों के साथ-साथ दूसरे लोगों से छोटे-मोटे काम करवाने की आदत बनाएं।
- घरेलू नौकर, मेड आदि कुछ रुपयों के बदले कई छोटे-मोटे काम कर देते हैं, इससे काफी समय बच जाता है।
- टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस जैसे रेग्युलर बिल ऑनलाइन पेमेंट करें। इससे आपका काफी समय बचेगा।
- ऑफिस आने-जाने में काफी समय लगता हो तो बस, कैब या ट्रेन में मोबाइल या टैब से मेल चेक करें, उनका जवाब दें, जरूरी कॉल करें, जरूरी कामों की लिस्ट बनाएं और दिनभर के कामों की प्लानिंग करें। इस तरह आप समय का सदुपयोग कर लेंगी।
- शॉपिंग के लिए बाजार में घंटों भटक कर समय बर्बाद करने की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग की आदत डालें। आपको घर बैठे-बैठे कई अच्छे ऑप्शन मिलेंगे।

## घर के बड़े-बड़े काम बना देती है महिलाओं की छोटी-छोटी बचत



घरेलू वित्तीय प्रबंध में महिलाओं की बचत समय-समय पर बहुत ज्यादा मददगार साबित होती है। महिलाएं इस बचत को व्यवस्थित ढंग से करें, तो उनकी बचत और ज्यादा उपयोगी होगी, घर का वित्तीय आधार मजबूत होगा, परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। आपके लिए एक जरूरी सलाह।

मनी मैनेजमेंट / नम्रता नदीम

भारतीय गृहिणियों को उनके पति कितने भी कम पैसे दें, लेकिन वो कुछ ना कुछ जरूर बचा लेती हैं। चुपके से उनके द्वारा कुछ ना कुछ बचा ली गई यह रकम कई बार ऐसे बड़े-बड़े काम बना देती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए पुरुषों को बचत का महत्व और गुर महिलाओं से सीखना चाहिए।

**तरीका बहुत अनौपचारिक :** भारतीय महिलाएं, दस-दस, बीस-बीस रुपए जोड़कर भी हजारों रुपए इकट्ठा कर लेती हैं फिर उनसे घर की कोई ऐसी चीज खरीद ली जाती है, जिसे एकमुश्त खरीदने में अच्छी-खासी रकम की जरूरत होती है। दरअसल, कोई भी महिला खासतौर पर गृहिणी अपना कोई भी बजट अपने पास मौजूद रकम को देखकर ही बनाती है। महिलाओं के बचत करने का तरीका भी बहुत अनौपचारिक और बिल्कुल भी दबाव या बोझ से मुक्त होता है। मसलन, वे दस-बीस रुपए भी रसोई के किसी डिब्बे में चुपचाप डाल देती हैं। एक दिन जब किसी चीज की बहुत जरूरत होती है, तो उस समय वह बचाई राशि बहुत काम आती है।

**पूरे करती हैं बड़े-बड़े सपने :** वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि अगर महिलाओं को थोड़ी सी फाइनेंस प्लानिंग अच्छे से समझा दी जाए तो वे अपनी छोटी-छोटी बचतों से बड़े-बड़े सपने पूरे कर लेती हैं। हालांकि महिलाओं की बचत का यूं तो कोई अलग से आंकड़ा नहीं है, लेकिन माना जाता है कि भारत में जो नियमित घरेलू बचत होती है, उसमें करीब 60 फीसदी से ज्यादा बचत महिलाओं के जरिए या उनके प्रयास से होती है। इस बजट में भी 20 से 25 फीसदी बचत गुप्त बचत के रूप में होती है, जिसका पहले से घर के मुखिया को या घर के आर्थिक बजट को संभालने वाले को पता नहीं होता। ऐन वक्त पर महिलाओं की यह बचत एक बड़ी राहत के रूप में सामने आती है। यही नहीं जब महिलाएं व्यवस्थित ढंग से छोटी वित्तीय योजनाओं में निवेश करती हैं, तो वहां भी कमाल कर देती हैं।

**सुधारें अपनी शॉपिंग हैबिट्स :** पूरी बचत नियंत्रण प्रक्रिया में एक नियंत्रण जो आसानी से हमारी बचत प्रक्रिया को मजबूत करता है, वह है हमारी शॉपिंग हैबिट्स, जिसमें अकसर महिलाएं कमजोर साबित होती हैं। असल में उपभोक्ता बाजार ऐसे हथकंडे अपनाता है कि आप बिना जरूरत की भी शॉपिंग करती हैं। इसलिए जिस चीज की जरूरत ना हो, उसे कभी ना खरीदें। क्योंकि यह खरीदना आपकी समझदारी नहीं बल्कि बाजार की आपको फंसाने की सोची-समझी चाल होती है। इससे बचने का एक सीधा तरीका यह है कि जब शॉपिंग करने जाएं तो घर से ही एक लिस्ट बना लें और दृढ़ता के साथ उस लिस्ट के मुताबिक ही शॉपिंग करें। सेल्समैन के बहकावे पर कुछ ना खरीदें। फिर चाहे वह चीज कितनी ही सस्ती क्यों ना हो। अगर इन कुछ उपायों को अपनाएंगी तो आप भी ना केवल एक बेहतरीन होम मैनेजर बन सकेंगी बल्कि उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बचत भी कर सकेंगी, जो आपके आड़े वक्त में सबसे बड़ी मददगार साबित होगी।



### ऐसे करें बचत

- सबसे पहले अपने खर्चों की एक डायरी बना लें, जिसमें नियमित रूप से सारे खर्च दर्ज करें।
- उन छोटे-छोटे खर्चों पर विशेष नजर रखें, जो पहले से तय नहीं होते, लेकिन करीब-करीब हर महीने होते हैं।
- एक-दो महीने नहीं लेकिन अगर आप कम से कम चार-पांच महीनों तक अपने खर्चों पर नजर रखती हैं तो आसानी से जान लेती हैं कि खर्चों में कौन से गैरजरूरी खर्चे हैं, जिन्हें काटा जा सकता है।
- बचत और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखें, वर्ना आपका बजट बिगड़ते देर नहीं लगेगी।

## जब अनजान लोगों के बीच आप फील करें ऑकवर्ड

एडवाइस / अंजू जैन

अकसर कुछ लोग ऐसे फंक्शंस या पार्टी में जाने से बचते हैं, जहां लोग उनके परिचित नहीं होते। ऐसी जगह पर उन्हें अनजान लोगों के बीच ऑकवर्ड फील होता है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखें तो यह असहजता आप नहीं महसूस करेंगी।

**कॉन्फिडेंट रहें :** ऐसी जगह जहां कोई पूर्व परिचित ना हो, शुरू-शुरू में आप थोड़ा सा अनकंफरटेबल फील कर सकती हैं। लेकिन कॉन्फिडेंस बनाए रखें। जरा भी घबराएं नहीं।

**माहौल को जानें-समझें :** सबसे पहले अपने आस-पास खड़े लोगों की जानें–समझें, उनमें परस्पर चल रही बातचीत के विषय पर ध्यान दें। अगर तीन-चार लोग झुंड बनाकर खड़े हैं, कोई बात कर रहे हैं तो आप भी उनकी गपशप में शामिल हो जाएं। एक बार बात शुरू होगी तो लोग आपसे जुड़ते चले जाएंगे और आपका समय आराम से बीत जाएगा।



**ड्रेस का सेलेक्शन सही करें :** किसी भी पार्टी या सार्वजनिक समारोह में जाएं तो संवर कर जाएं। ड्रेस के सेलेक्शन से लेकर हेयरस्टाइल, चेहरे के ग्लो, फुटवियर, बेल्ट सब कुछ आकर्षक और ट्रेंड के अनुसार हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। आपका लुक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने वाला होना चाहिए, फर्स्ट इंप्रेशन आपके गेटअप से ही बनता है।

**हेल्प ऑफर करें :** आप सिर्फ होस्ट को जानती हों या अपनी फैमिली को रिप्रेजेंट कर रही हैं तो उनके पास जाएं। नमस्कार करें, बधाई दें और पूछें कि आप उनकी क्या मदद कर सकती हैं? इससे अटेंडेंस तो नोट होगी ही, हो सकता है वे आपको कोई काम देकर बिजी भी कर दें। अगर काम ना भी बताया तो आपकी पर्सनालिटी का अच्छा इंप्रेशन उन पर पड़ेगा।

**पार्टी को एंज्वॉय करें :** किसी कोने में अलग-थलग खड़े रहने या गुमसुम किसी कुर्सी पर बैठ जाने की बजाय गैदरिंग के माहौल को एंज्वॉय करें। खान-पान, म्यूजिक, गॉसिप आदि में इंवॉल्व हों।

### किसी अकेले को ढूंढ़ लें

**अगर आप** किसी ऑकेजन में अकेली हैं तो चारों तरफ नजर दौड़ाएं। कहीं ना कहीं कोई आपको आप जैसा ही अकेला नजर आ जाएगा। आगे बढ़कर उसके पास जाएं और किसी भी टॉपिक पर बातचीत शुरू कर दें। पहला वाक्य यह भी हो सकता है, 'आप भी अकेली आई हैं क्या? मैं तो सिर्फ होस्ट को जानती हूं।' इससे आपकी उससे बातचीत शुरू हो जाएगी।

स्पेशल: 4 फरवरी, वर्ल्ड कैंसर-डे

## सही लाइफस्टाइल-प्रॉपर चेकअप कैंसर से संभव है बचाव

अवेयरनेस / रजनी अरोड़ा

आजकल भारतीय महिलाओं में कैंसर के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, वो चिंताजनक है। पहले यह बीमारी अधिकतर बड़ी उम्र की महिलाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन आजकल 50 साल से कम आयु की महिलाएं भी इसकी शिकार हो रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश में हर साल 5 लाख से ज्यादा महिलाएं कैंसर की चपेट में आती हैं, जिनमें से तकरीबन 3 लाख अपनी जान गंवा देती हैं।

**क्या है वजहें:**अव्यवस्थित और आरामतलब जीवनशैली, अनहेल्दी फूड हैबिट्स, मोटापा, आनुवांशिकता, असुरक्षित यौन संबंध, गर्भनिरोधक गोलियों का अत्यधिक प्रयोग, पर्सनल हाइजीन का ध्यान ना रखना, हार्मोन संबंधी असंतुलन, एल्कोहल-स्मोकिंग का बढ़ता चलन, देर से शादी और प्रेगनेंसी, शिशु को स्तनपान ना करवाना और सुंदर दिखने के लिए हार्मोन थेरेपी का उपयोग आदि इसके प्रमुख कारण हैं। इनके अलावा सही समय पर स्क्रीनिंग और अर्ली स्टेज में डायग्नोज ना हो पाना भी महिलाओं में बढ़ते कैंसर का एक बड़ा |कारण है।

**प्रमुख प्रकार और लक्षण :** महिलाओं में ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओवेरियन, एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर अधिक देखने को मिलते हैं। इनके लक्षण इस प्रकार हैं-

**सर्वाइकल कैंसर :** पीरियड्स ज्यादा होना, पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग, सेक्स के बाद ब्लीडिंग, सफेद बदबूदार पानी ज्यादा आना, पेट के निचले हिस्से और वेजाइना में दर्द आदि।



**ब्रेस्ट कैंसर :** ब्रेस्ट या आर्मपिट्स में कोई दर्दरहित गांठ, स्किन में खिंचाव या किसी तरह का बदलाव होना, ब्रेस्ट की स्किन सख्त होना, लालिमा, सूजन होना, निप्पल से सफेद रंग के द्रव का स्राव आदि।

**ओवेरियन कैंसर :** अपच होना, भूख ना लगना, उल्टी महसूस होना, गैस बनना, पेट में पानी भर जाना, पेट फूलना, पेट के निचले हिस्से में सूजन, ऐंठन और दर्द के अलावा सेक्स के दौरान दर्द।

**एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर :** मेनोपॉज होने के बावजूद हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण बड़ी उम्र में अचानक असामान्य रूप से ब्लीडिंग होना, जो शुरू में कम और धीरे-धीरे काफी तेज हो जाती है।

**बचाव के उपाय :** युवतियों को शादी के बाद साल में एक बार डॉक्टर के पास विजिट जरूर करना चाहिए और रूटीन मेडिकल चेकअप करवाना चाहिए। अगर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाए, तो 90 प्रतिशत मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। चूंकि, ह्यूमन पेप्पिलोमा वायरस को कैंसर की स्टेज तक आने में 10-15 साल लगते हैं। इस दरम्यान पैपस्मीयर टेस्ट करवाने पर कैंसर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाता है, तो समुचित उपचार से बचा जा सकता है। लिहाजा 21 साल की उम्र के बाद पैपस्मीयर टेस्ट करवाएं। इसके बाद हर 3 साल के अंतराल में और 40 साल की उम्र के बाद 5 साल के अंतराल में यह टेस्ट करवाएं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9-16 साल के बीच लड़कियों को 0-2-4 महीने के अंतराल पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं। नहाते समय प्राइवेट पार्ट्स को नियमित रूप से चेक करें कि कुछ असामान्य लक्षण ना हों यानी डिस्चार्ज ना हो रहा हो। इनकी सफाई, सेफ्टी और हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। परिवार में ब्रेस्ट कैंसर की हिस्ट्री है, तो स्क्रीनिंग नियमित रूप से कराएं। 20-22 साल की उम्र की लड़कियां हर महीने पीरियड्स के 4-5 दिन बाद खुद ब्रेस्ट परीक्षण करें। 38-40 साल की उम्र में एक बार ब्रेस्ट की अल्ट्रासाउंड, 40-45 साल की उम्र के बाद 2 साल में एक बार मेमोग्राम और 55 साल के बाद हर दो साल में ब्रेस्ट-स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर का पता लगाने के लिए मेनोपॉज के बाद 5 साल के अंतराल पर पैप स्मीयर टेस्ट जरूर कराएं, जिससे यूट्रस की स्थिति का पता चल सके। अगर बिना किसी वजह के लगातार अपच या पेट दर्द की समस्या एक महीने तक बनी रहे तो ऑन्कोलॉजिस्ट से जरूर कंसल्ट करें। परिवार में ओवरी कैंसर की हिस्ट्री है, तो 18 साल की उम्र से ही साल में एक बार स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

**(सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल से बातचीत पर आधारित)**

## पुरानी ज्वेलरी में आएगी नई चमक

सोना, चांदी हो या हीरा मोती, इनकी ज्वेलरी की चमक समय के साथ कम होने लगती है। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन्हें फिर से नई ज्वेलरी जैसा चमका सकती हैं। जानिए कुछ यूजफुल टिप्स के बारे में।

केयर / मधु सिंह

यह सही है कि पुराना होने पर किसी भी मेटल से बने जेवर की चमक फीकी पड़ने लगती है। दरअसल, लगातार या बार-बार पहने जाने के कारण गहनों में धूल, मिट्टी, पसीना, गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम का प्रभाव पड़ता है। अगर इन पर ध्यान ना दिया जाए तो ये अपनी चमक खो देते हैं। अगर थोड़ी सी सजगता से घर पर ही अपने गहनों की साफ-सफाई की जाए तो ये ना सिर्फ फिर से चमकने लगते हैं बल्कि अपनी भरपूर आभा बिखेरते हुए नए जैसे लगने लगते हैं।



**चमक उठेगी सिल्वर ज्वेलरी :** चांदी सफेद रंग की होती है, इसलिए इसकी ज्वेलरी पर पसीने और धूल-मिट्टी का असर बहुत जल्दी दिखने लगता है। चांदी का गहना सोने के गहने के मुकाबले बहुत जल्दी ही अपनी रंगत खो देता है। ऐसे गहनों को फिर से सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप ये घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- दो चम्मच बेकिंग सोडा और आधा कप सिरके में कम से कम दो घंटे के लिए सिल्वर ज्वेलरी को भिगो दें। दो घंटे बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, गहना फिर से चमकने लगेगा।
- चांदी के जेवर को खट्टी दही से भी चमकाया जा सकता है। खट्टी दही में कुछ देर के लिए चांदी के गहनों को भिगो दें। आप देखेंगी कि जल्द ही इन गहनों में चढ़ा सारा मैल कट कर निकल जाएगा। मैल के बाहर आते ही ये गहने फिर से चमकने लगेंगे।
- चांदी के गहनों को सामान्य डिटर्जेंट से भी चमकाया जा सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाएं और फिर चांदी के गहनों को इसमें डुबो दें। करीब एक घंटे के बाद सॉफ्ट टूथब्रश से रगड़ लें। अब इसे ठंडे पानी से धो दें। सारा मैल निकल जाएगा और ये चमकने लगेंगे।
- टूथपेस्ट से भी सिल्वर ज्वेलरी में चमक आती है। इसके लिए ज्वेलरी पर अच्छी तरह से टूथपेस्ट लगाएं और फिर उसे गर्म पानी में डुबो दें। आधे घंटे के बाद इसे बाहर निकाल कर सॉफ्ट टूथब्रश से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करें, फिर साफ मुलायम और सूखे कपड़े से पोंछें। चांदी के गहनों में चमक आ जाएगी।
- रीठे के पानी में भिगोकर साफ करने से भी चांदी के जेवरों में चमक आ जाती है।

**नई जैसी दिखेगी गोल्डेन ज्वेलरी :** सोने के जेवर को निखारने के लिए भी आप कुछ सरल घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- एक बड़े कटोरे में आधा कप सिरका डालें, उसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस मिश्रण में अपने सोने के गहने को दो से तीन घंटे के लिए डुबो दें। तीन घंटे के बाद इसे निकालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर सूखे मुलायम कपड़े से हल्के हाथों से इन्हें अच्छी तरह से पोंछ दें। गोल्ड ज्वेलरी की खोई हुई चमक लौट आएगी। सोने के गहनों की चमक वापस लाने में उबले हुए रीठे का पानी भी कारगर होता है।
- गरम पानी में अच्छी क्वालिटी का डिटर्जेंट पावडर और 1 चम्मच अमोनिया मिलाकर इस घोल में अपने सोने के गहनों को कुछ देर के लिए पड़ा रहने दें, फिर इन्हें निकाल कर साफ-ठंडे पानी से धो लें। इनकी खोई हुई चमक लौट आएगी।
- सोने के गहनों की चमक फिर से वापस लाने के लिए थोड़े से पानी में 1 चम्मच हल्दी डालकर इसे उबाल लें। फिर इस पानी में रात भर के लिए सोने के गहनों को डालकर रखें। फिर अगले दिन सॉफ्ट ब्रश से हल्के हाथों से रगड़ लें। गहने चमकने लगेंगे।

**डायमंड-पर्ल ज्वेलरी के लिए :** सोने, चांदी के अलावा अगर आपके पास हीरे (डायमंड) या मोती (पर्ल) के जेवर हैं तो इन्हें भी आप घर में चमका सकती हैं। इसके लिए गर्म पानी में थोड़ा शैंपू घोलें और उसे एक मुलायम ब्रश से गहने पर अप्लाई करें, लेकिन इसे घोल में डुबोएं नहीं। ना ही सादे पानी में धोएं। केवल पानी में धोने से इसमें दाग पड़ जाते हैं और घोल में डुबोने पर यह अपनी चमक खो सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि जब मोती के गहने चमकाने हों तो उन्हें बेहद सॉफ्ट कपड़े पर रखकर ही ऐसा करें।

**खबर संक्षेप**

### भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष ने हवन में लिया हिस्सा

**हिसार।** भाजपा के युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा का पंचग्राम पाबड़ा में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के उपरांत उन्होंने पाबड़ा में स्थित प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में आयोजित हवन-यज्ञ में हिस्सा लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री आशीष जोशी व अनिल भैरू, सोशल मीडिया जिला सह प्रमुख विरेंद्र महता आदि मौजूद थे।

### नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता कनोह में 2 से

**हिसार।** पूर्व कबड्डी खिलाड़ी स्वर्गीय बृजेश व सुरेंद्र बच्ची की याद में 2 व 3 फरवरी को नजदीकी गांव कनोह में नेशनल स्टाइल कबड्डी 50 किलोग्राम वेट 2 फरवरी को और ओपन वेट प्रतियोगिता 3 फरवरी को करवाई जाएगी। एथलेटिक कोच राजू कनोह ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता के साथ लड़कों के वर्ग की 17 वर्ष वर्ग में 600 मीटर दौड़ भी होगी।

### हांसी उपमंडल कार्यालय में रोजगार मेला आज

**हांसी।** उपमंडल कार्यालय परिसर में आज रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक रोजगार अधिकारी ममता कुमारी ने बताया कि 30 जनवरी को रोजगार मेले में सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाइजर पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

### 95 दिव्यांगों को फ्री मिलेंगे कृत्रिम अंग व उपकरण

**हिसार।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में स्थापित लाला देवीचंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माणशाला द्वारा शिविर में दिव्यांगों की जांच की गई। भाविप की पानीपत शाखा की ओर से पानीपत में जीटी रोड स्थित गोशाला मंदिर में दिव्यांग सहायता शिविर लगाया गया।

### 48 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए मंगाली चौकी पुलिस ने सिधरान-कैमरी रोड से एक मोटरसाइकिल सवार को काबू करके 48 बोतल अवैध शराब बरामद की है। एएसआई संजय ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सिधरान-कैमरी रोड से मोटरसाइकिल सवार युवक कालवास निवासी संदीप को काबू किया।

# हरियाणा के महान लोकगायक स्वर्गीय बाबूराम दहिया हलालपुर को संस्कृति गौरव से किया गया सम्मानित

### रंगारंग कार्यक्रम के साथ चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव महोत्सव का हुआ समापन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महान कवियों की स्मृति में म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन द्वारा जिला के गांव उमरावत स्थित निर्माणाधीन सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद सांस्कृतिक भवन में जारी चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का सोमवार को समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जयहिंद मंच के संस्थापक सुरेश शर्मा, सुनील कमांडर शर्मा, नवीन जय हिंद, चित्रलेखा शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान लोकगायक राजेश थुरानिया को म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा गांव धारेडू के पूर्व सरपंच पवन कुमार को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने संगठन द्वारा चलाई जा रही सभी गतिविधियों, उद्देश्यों एवं भावी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी तथा कहा कि ऐसा अनूठा संगठन हरियाणा में एकमात्र है, जो सभी कवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले खिलाडियों, शिक्षकों, संगठनों एवं हरियाणवी संस्कृति के उत्थान में निरंतर प्रयासरत समितियां,

### गौरवमयी हरियाणवी संस्कृति एवं इतिहास की झलक दर्शाते हैं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**संस्कृति प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया**

रागनी कार्यक्रम में हरियाणा केसरी राजेश थुराना, सुरेंद्र गिगनाऊ, मोहन डाटा, अनिल बाड्या, कप्तान बिसानिया, इंद्रजीत कुंडल, जनक राज बापोडा, दीपेश धिराणा, नरेश पाहसौर, जय सिंह बादली, अशोक मरीचि, कृष्ण बामला व अन्य लोक कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से संस्कृति प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया तथा अपनी रागनियों के माध्यम से यह शिक्षा दी कि मनुष्य को अपने धर्म.कर्म पर पूर्ण निष्ठा रखते हुए कार्य करने चाहिए जिससे बिगड़े हुए कार्य भी सुधर जाते है तथा मानव को हमेशा परोपकारए समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहना चाहिए। इस अवसर पर हरियाणा के महान लोकगायक स्वर्गीय बाबूराम दहिया हलालपुर को संस्कृति गौरव से सम्मानित किया गया, जो उनके सुपुत्र सोनू कुमार दहिया ने ग्रहण किया। महान कवि स्व. जयानंद ब्राह्मण वास को संस्कृति रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया, जो उनके परिवार द्वारा ग्रहण किया गया। लोक गायक इंद्रजीत कुंडल व कप्तान बिसानिया को भी संस्कृति गौरव रत्न से सम्मानित किया गया।



भिवानी। कमाण्डर सुनील शर्मा को सम्मानित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक एवं पदाधिकारी।

### पाश्चात्य संस्कृति के जाल में फंसे हैं युवा

इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक व प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवा पीढ़ी को हरियाणा की गौरवमयी संस्कृति एवं इतिहास से रूबरू होने का मौका मिलता है तथा पाश्चात्य संस्कृति की जाल में फंसे युवा को अपनी मूल संस्कृति को पहचानने का अवसर प्राप्त होता है। इसीलिए इस प्रकार के आयोजन समय.समय पर जरूरी है। कार्यक्त्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक, महासचिव मास्टर रविंद्र कौशिक बास, कोषाध्यक्ष मंजीत पाहसौर, अनुशासन समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण धारेडू, जयप्रकाश थानेदार, लक्ष्मीदत वत्स, सिरसा प्रमुख डॉ. शमशेर कालीरमन, आनंद कुमार असोदिया, रामनिवास थानेदार व आसपास के गांव से काफी संख्या में संस्कृत प्रेमी उपस्थित रहे।

### युवाओं को आध्यात्म व संस्कृति से जोड़ना जरूरी: ज्ञानानंद

# हनुमान जोहड़ी धाम में बनेगा श्रीराम मंदिर और गुरुकुल



भिवानी। स्वामी ज्ञानानंद को स्मृति चिन्ह भेंट करते महंत चरणदास। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान महंत चरणदास ने रामचरित मानस ग्रंथ भेंट कर उनका स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवा पीढ़ी में अच्छे संस्कार पैदा करने के लिए गुरूकुल का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा हमे अच्छे संस्कारों की ओर अग्रसर करती है। इसी उद्देश्य से जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम मंदिर व गुरूकुल बनाया जाएगा। ये बात मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के समक्ष कही। बता दें कि स्वामी ज्ञानानंद महाराज मंदिर में पहुंचे थे।

इस दौरान महंत चरणदास ने रामचरित मानस ग्रंथ भेंट कर उनका स्वागत किया। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। महंत चरणरदास ने स्वामी ज्ञानानंद महाराज को बताया कि हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री द्वारा खेल एवं मेला ग्राऊंड बनाने की घोषणा की हुई है, जिसके बाद श्रीराम मंदिर व गुरूकुल भी बनाया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी में प्राचीन सभ्यता, संस्कृति व संस्कार के भाव जीवित रखे जा सके। उन्होंने कहा कि भारत में भारतीयता की भावना प्रबल हो, इसके लिए आवश्यक है कि हमारी चिंतन पद्धति सनातन संस्कृति के अनुकूल हो। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि संस्कृति का आध्यात्म से भी गहरा नाता है, भारतीय सत्य सनातन वैदिक संस्कृति के अनुसार स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ वातावरण ही मानव जीवन का आधारभूत तत्व है। इस अवसर पर बाबा ध्यानदास, बाबा मातुनाथ, समाजसेवी रमेश सैनी, विजय सिंहमार, श्याम सुंदर, मास्टर सावित्री यादव, सीमा भारद्वाज, रेखा सैनी, किरण सैनी, ओपी नंदवानी, खुशहाल ग्रोवर, आत्मप्रकाश टुटेजा, बबलू जांगड़ा, विक्रांत वर्मा, शांति, सुमन व आशा सैनी आदि मौजूद रहे।

# सांगवान ने रैली को लेकर की बैठक

- कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कर सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भिवानी। रैली की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा करते मनीषा सांगवान।

दादरी में नौ फरवरी को होने वाली जन आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री एवं कांग्रेस प्रवक्ता मनीषा सांगवान ने अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

बैठक में कार्यकर्ताओं को रैली के लिए जिम्मेदारियां सौंपी। सांगवान ने कहा कि यह हरियाणा की सबसे बड़ी रैली होगी और इसमें तैयारियां भी उसी स्तर की होनी चाहिए। सांगवान ने कहा कि 9 फरवरी को जनआक्रोश रैली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सासंद दीपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह सहित दूसरे बड़े नेता शिरकत करेंगे। लोगों में भूपेंद्र हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा के प्रति अपार लगाव है और इस रैली में बड़ी संख्या में भीड़ जुटेगी और यह रैली हरियाणा की सबसे बड़ी रैली साबित होगी। सांगवान ने कहा कि जन आक्रोश रैली को लेकर वे लगातार गांवों में जाकर लोगों से मिलकर रैली का निमंत्रण दे रही हैं, ये रैली सभी रैलियों की भीड़ के रिकॉर्ड तोड़ देगी।

### मतदाताओं को अपने वोट का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीर गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुपरवाइजर आनंद शर्मा ने बूथ नम्बर 61 से 74 के सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। सुपरवाइजर आनन्द शर्मा ने इस बैठक में उपस्थित सभी मतदाताओं को लोकतांत्रिक की परंपराओं को बनाए रखने के साथ.साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्मए वर्गए जातिए भाषा या समुदाय के किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करने के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

# किरण चौधरी ने रेणू बाला के कंधों पर डाली जिम्मेदारी

- श्रुति चौधरी ने 1 फरवरी को कांग्रेस संदेश यात्रा के लिए सौंपी ड्यूटी
- कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला भी पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री, पूर्व मंत्री एवं विधायक किरण चौधरी एवं पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने पूर्व जिला पार्षद एवं कांग्रेस नेत्री रेणू बाला के कंधों को बताते हुए उनपर विश्वास जताया। श्रुति चौधरी ने 1 फरवरी को कांग्रेस संदेश यात्रा के लिए तोशाम के लिए ड्यूटी लगाते हुए बताया कि कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला, किरण चौधरी सहित दिग्गज नेता इस यात्रा में पहुंचेंगें। ये यात्रा काफी सफल साबित हुई है और लोगों का कांग्रेस में विश्वास बढ़ता जा रहा है जिससे कांग्रेस का कुणबे में बढ़ोतरी हो रही हैं



बवानीखेड़ा। पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के साथ रेणू बाला।

# विद्यार्थियों ने माता-पिता व गुरुजनों को तिलक लगाकर की पुष्प वर्षा

- श्रवण व श्रीराम की शिक्षाओं का अनुसरण कर माता-पिता का सम्मान करें बच्चें: तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



महावीर जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को मातृ-पितृ व गुरूजन दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन योग वेदांत सेवा समिति से प्रीति महता ने किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता व गुरुजनों को तिलक लगाकर उन पर पुष्प वर्षा की और फूलों की माला पहनाई। विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता की आरती और सात परिक्रमा की। विद्यालय प्राचार्या मधु तंवर ने कहा कि जिसने अपने माता-पिता एवं गुरु का आदर कर लिया, उसके द्वारा संपूर्ण लोकों का आदर हो गया।

जिसने भी माता पिता व गुरूजनों का अनादर किया, उसके संपूर्ण शुभ फल निष्फल हो गए। हमें अपने माता पिता की आज्ञा का सदैव पालन करना चाहिए और उनका दिल नहीं दुःखाना चाहिए। हमें भी श्रवण व भगवान श्रीराम की शिक्षाओं का अनुसरण कर माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि माता-पिता ही बच्चों के पहले गुरू होते है। बच्चें उनका आदर-सम्मार करें, तभी भारतीय संस्कृति को बचाया जा सकता है।



### बॉक्सिंग में फिर भिवानी की बेटी को स्वर्ण पदक मिला, सम्मान में कई गांवों में निकाली रैली

**भिवानी।** 63 वी स्कूली बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गांव राजगढ़ की बेटी को राष्ट्रीय सत्र पर स्वर्ण पदक अर्जित किया। इस उपलक्ष्य में आर्य स्कूल द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि विजेंद्र बड़गुजर व विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रमोद पुनिया ने शिरकत की। राजगढ़ के सरपंच नरेंद्र ने गांव ने सभी अतिथियों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि इसी स्कूल से अंतिमा का भी खेलो इंडिया प्रतियोगिता में चयन हुआ है। डॉ. मोहिंदर सिंह ने बताया कि आज से 8 साल पहले स्कूल में बॉक्सिंग की शुरुवात कोच जगदीप बुरा से हुई तथा आगे की कोचिंग फ्रूटी कोच के सानिध्य में हुई। इसी वर्ष नेशनल लेवल की बॉक्सिंग में अच्छे प्रदर्शन के कारण स्वर्ण पदक विजेता का चयन दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में हुआ। विजेंद्र, वाइस चेयरमैन अनुसूचित जाति आयोग ने दोनों बेटियों और कोचों को उनकी उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्ट कट मार्ग नहीं।

# हरियाणा के लाल केजरीवाल की गारंटी के साथ चलेगी प्रदेश की जनता: कुंडू

- जनसभा में उमड़े जनसैलाब ने दिखा दिया कि जनता प्रदेश सरकार से त्रस्त है और बदलाव चाहती है: धनराज कुंडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



धनराज कुंडू

आम आदमी पार्टी की जींद में हुई बदलाव जनसभा की चर्चा हरियाणा के घर घर में है। जनसभा में उमड़े जनसैलाब ने दिखा दिया कि प्रदेश की जनता प्रदेश सरकार से त्रस्त है और बदलाव चाहती है।

ये बात सेवानिवृत्त रोडवेज महाप्रबंधक एवं आप के जिलाध्यक्ष धनराज कुंडू कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा के घर घर में जींद की बदलाव जनसभा के चर्चे है। जींद में उमड़े जन सैलाब ने दिखा दिया कि हरियाणा के लाल केजरीवाल की गारंटी के साथ हरियाणा की जनता खड़ी है। कुंडू ने कहा कि वर्ष 2024 में दिल्ली और पंजाब के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। राज्य सहसचिव महिला विंग व वाइस चेयरमैन झोझू ब्लॉक उषा रानी ने कहा कि बदलाव जनसभा में केजरीवाल 1 लाख जीरो बिजली के बिल लेकर पहुंचे। इसकी पूरे हरियाणा में चर्चा है। दिल्ली में जनता को फ्री बिजली मिल रही है। पंजाब में 90 प्रतिशत ने ज्यादा लोगों को फ्री बिजली मिल रही है। इस बार हरियाणा की जनता भी आम आदमी पार्टी को मौका देने जा रही है।

### ईवीएम के विरोध में कल आंदोलन का अंतिम चरण

**भिवानी।** ईवीएम को लेकर चुनाव संदेह के घेरे में आता है, इसी को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा लंबे समय चरणबद्ध तरीका अपनाकर संघर्ष कर रहा है। इसी कड़ी में 31 जनवरी को मोर्चा के बैनर तले दिल्ली के चुनाव आयोग कार्यालय पर देशभर से लाखों लोगों का जमावड़ा होगा, जिसमें जिला भिवानी से सैंकड़ों लोग पहुंचकर विरोध दर्ज करवाएंगे। ये बात बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश प्रजापति ने मंगलवार को रोहतक गेट स्थित नीजि रेस्तरां में पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि ईवीएम के विरोध में मोर्चा द्वारा देशभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाए गए थे, जिसके तहत धरना, प्रदर्शन व ज्ञापन सौंपे जा चुके है, लेकिन सरकार पर इसका असर नहीं हो रहा।

### तनाव कम करने में मददगार परीक्षा पे चर्चा: लालावास

# पीएम ने नकारात्मक दबाव दूर करने के टिप्स दिए

- राजकीय माध्यमिक विद्यालय लालावास में देखा परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। पीएम मोदी की परीक्षा पर चर्चा सुनते हुए, अलखपुरा गांव के स्कूल में परीक्षा पर चर्चा सुनते हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सोमवार को स्कूलों में लाइव प्रसारण देखा गया। इसी कड़ी में गांव लालावास के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में भी डिजिटल बोर्ड पर विद्यार्थियें, स्टाफ सदस्यों ने लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान बीडीसी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश लालावास ने बताया कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा का मुख्य उद्देश्य है परीक्षार्थियों के तनाव को कम करना उनमें आत्म विश्वास जगाना और परीक्षा के लिए उन्हें सहज बनाना। पीएम मोदी परीक्षार्थियों को यह बताते हैं कि वह कैसे वह बिना घबराए सहज तरीके से परीक्षाओं में बैठें और आगे बढ़कर सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को नकारात्मक दबावए अस्वास्थ्यकर प्रतिस्पर्धा और अनुचित तनाव को संभालने के लिए कुछ उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि उन्हें बच्चों पर अपने स्वयं के सपने और अपनी अधूरी इच्छाएं नहीं थोपनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखने के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने जीवन में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत और स्मार्ट वर्क के संतुलन पर भी जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक सतीश सांगवान, मनोज लांबा,जगदीश, सुरेंद्र मील, सुभाष, सतबीर, सरपंच नरेश कुमार, सतबीर रंगा, मुकेश, विकाश शर्मा, हीरालाल, अन्नू, अंजली, डिंपल, ललित, विनेश,अंशु उपस्थित रहे। बवानीखेड़ा व अलखपुरा स्कूल में बच्चों ने सुनी पीएम मोदी की परीक्षा पर चर्चा बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लोहारी जाटू के राकवमा में कार्यक्रम सुना।



भिवानी। 11 दिवसीय खड़ी तपस्या के समापन पर बाबा नारायण नाथ व अन्य।

### बाबा नारायण नाथ की 11 दिवसीय खड़ी तपस्या संपन्न

**भिवानी।** ढाणा रोड स्थित बाबा शंकरनाथ की समाधी स्थल पर बाबा नारायणनाथ ने विश्व शांति एवं आपसी भाईचारे की भावना को लेकर एवं जनकल्याण के लिए 11 दिवसीय खड़ी तपस्या की, जिसका सफलतापूर्वक समापन हुआ। तपस्या के समापन पर हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया, जिसमें अनेक साधु संतों व श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। तपस्या के समापन पर जोगीवाला मंदिर के महंत वैद्यनाथ महाराज, रामनाथ, हरिद्वार के गोरखनाथ मंदिर से शांतिनाथ के शिषय शंभुनाथ, देवसर पहाड़ी से बाबा बालकनाथ मंदिर के महंत हेतरामदास ने भाग लिया। महंतों ने कहा कि भिवानी धार्मिक नगरी है, इसलिए इसे छोटी कांशी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए, हमें हर धार्मिक कार्य में अपने बच्चों व परिजनों के साथ भाग लेना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

## सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें : एडीसी

**चरखी दादरी।** जिले में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालय से संबंधित दैनिक कार्यों, पत्राचार व अन्य माध्यमों के जरिए आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाए रखने का संदेश दें ताकि कर्मचारी और आम नागरिक तक यह संदेश पहुंचाया जा सके। ऐसा करके हम सब पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने में यहां भूमिका निभा सकते है। यह बात डीएमसी व अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र छिल्लर ने कही।

## जन जागृति यात्रा गांव कादमा पहुंची

**बाढड़ा।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागृति यात्रा सोमवार को दिल्ली से ब्रह्माकुमारी आश्रम कादमा पहुंची। इस दौरान वहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें चरखी दादरी एसपी नितिका गहलोत बतौर मुख्य अतिथि पहुंची। आश्रम में पहुंचने पर संचालिका वसुधा बहन ने एसपी का स्वागत किया। बाद में एसपी ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर गांवों के लिए रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि

## ठगी के आरोपित को रिमांड पर लिया

**बाढड़ा।** थाना साइबर क्राइम चरखी दादरी ने जेवली निवासी व्यक्ति के साथ न्यूड वीडियो कॉल के माध्यम से ब्लैकमेल कर 2 लाख 46,300 रुपये ठगने के मामले मे आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी को फिरोजपुरा झिरका से गिरफ्तार कर उसे अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया। आरोपी की पहचान मुस्तफा पुत्र सरजीत वासी नावली थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूह के रूप में हुई है ।

## एडीसी करेंगी निर्णय के विरूद्ध अपील की सुनवाई

**भिवानी।** राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिका बवानीखेड़ा, सिवानी और लोहारू के सभी वार्डों की मतदाता सूची को विधानसभा की मतदाता सूची के अनुरूप किए जा रहे कार्य के लिए डीसी नरेश नरवाल ने एडीसी अनुपमा अंजलि को नपा के निर्णय के विरूद्ध अपील सुनने के लिए अधिकृत किया है। संबंधित एसडीएम रिवाईजिंग अर्थॉरिटी और संबंधित तहसीलदार और नायब तहसीलदार को सहायक रिवाईजिंग अर्थॉरिटी नियुक्त किया है।

### पांच फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान

# युवाओं को नशा छोड़ने के लिए करेंगे प्रेरित

### एसपी ने मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र कादमा में एसपी नीतिका गहलोत ने ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल विंग एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। अभियान 29 से 5 फरवरी तक स्कूलों, कालेज व गांव के गली मोहल्ले में बुजुर्गों व युवाओं को नशा छोड़ने को प्रेरणा देगा। अभियान का शुभारंभ एसपी नीतिका गहलोत, ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन, सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, डॉ. आशीष मान, देशराज डीएसपी बाढ़ड़ा, सरपंच प्रतिनिधि महेश फौजी, सुधीर शर्मा सरपंच, लीलाराम कान्हड़ा सरपंच, विकास सरपंच माई कलां, पवन सरपंच व पूर्व सरपंच जिलेसिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि अशोक आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।


चरखी दादरी। अभियान का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करती एसपी गहलोत।

पुलिस अधीक्षक गहलोत ने कहा कि आज युवा शक्ति को नशे के चंगुल से बचाने के लिए सबके सहयोग की आवश्यकता है। पूरे समाज के लिए यह बहुत बड़ी चुनौती है। नशा नाश की जड़ है, जो समाज के लिए घातक है। उन्होंने कहा ब्रह्माकुमारीज में सिखाए जाने वाला राजयोग मेडिटेशन अपने आप में एक ऐसी पद्धति है, जिससे सहज ही व्यसनों रूपी राक्षस से मुक्ति पाई जा सकती है। एसपी ने कहा कि अभियान चलाकर ब्रह्माकुमारीज ने बड़ी सराहना का कार्य किया है इस श्रेष्ठ कार्य में जब ब्रह्माकुमारी बहनें आगे आएंगी तो उनकी प्रेरणा और शक्ति से नशा करने वाले युवा सहजतापूर्वक इससे मुक्त होंगे। सीएमओ डॉ. विनोद ने नशे से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि मेडिटेशन नशा मुक्त जीवन के लिए रामबाण औषधि है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि अध्यात्म मेडिटेशन हमें आंतरिक रूप से मजबूत बनाता है, जिससे हम इस नशे रूपी राक्षस से शहर छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता स्वचिंतन व परमात्म चिंतन करने की है अपने मनोबल को बढ़ाने की है कमजोर मनोबल के कारण ही हम इन व्यसनों में लिप्त होते हैं।

# शिविर में 41 लोगों ने किया रक्तदान

- रक्तदान करके किसी की जिंदगी बच जाएं, इससे बड़ा पुण्य कोई दूसरा नहीं : अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रक्तदान करके किसी की जिंदगी बच जाएं, इससे बड़ा पुण्य कोई दूसरा नहीं हो सकता,इसीलिए रक्तदान को जीवनदान भी कहा गया है। इसी कड़ी में संत शिरोमणी कबीर दास व बाबा नागा के आशीर्वाद मॉडल दादरी जिला बनाओं संगठन व ग्राम पंचायत हालुवास के संयुक्त सौजन्य में रक्तदान व चिकित्सा कैंप का आयोजन शहीद नरेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया।


भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा। फोटो : हरिभूमि

शिविर स्वर्गीय मास्टर प्रभू सिंह तथा निहाल सिंह तक्षक की स्मृति में आयोजित किया। संगठन की सामाजिक मुहिम के तहत 759वां रक्तदान व 768वां चिकित्सा शिविर रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि सरपंच मुकेश तंवर व शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने शिरकत की तथा अध्यक्षता पंच कुलदीप व आनंद तंवर ने की। सभी ने संगठन के कामों की तारीफ की। मुख्यतिथि सरपंच मुकेश व शतकवीर डुडेजा ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। रक्तदान करने से व्यक्ति किसी जरूरतमंद की जान बचा सकते हैं। शिविर के दौरान एम्स बाढसा की टीम ने 41 यूनिट रक्त संचयण किया। रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए हौसला अफजाई की व प्रमाण पत्र वितरण किया। गीताजंली अस्पताल के अस्पताल की टीम ने 281 मरीजों की आंखों के रोग व सामान्य बीमारियों की जांच की, निःशुल्क दवा वितरण किया। एक ही परिवार के चार भाईयों प्रवीन, सूरज, शुभम, सुमित ब्लड डोनेट किया। प्रोफेसर राकेश वर्मा ने 27वीं बार रक्तदान किया। संगठन युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल बलवान साहू, रक्तवीर राजेश डुडेजा, आनंद तंवर ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व में सबसे बडे लोकतंत्र की नींव व आत्मा है। इसके तहत तत्कालीन जींद जिले में भिवानी क्षेत्र की मांग को स्वर्गीय निहाल सिंह तक्षक ने पुरजोर रूप से उठाया, यहां तक कि जनहित में बडे. से बडे.पद का भी त्याग कर दिया।

# कांग्रेस की रैली होगी ऐतिहासिक : चारू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

कांग्रेस नेता एडवोकेट चारू सांगवान ने कहा कि 9 फरवरी को दादरी में होने वाली कांग्रेस की जन आक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में हजारों की भीड़ हिस्सा लेगी। सांगवान सोमवार को रैली को सफल बनाने के लिए गांव गोपी व काकड़ोली गांव में निमंत्रण दे रही थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लाखों पद खाली पड़े हैं तथा सरकारी नौकरियों को कौशल व सेना को अग्निपथ योजना से अस्थायी तौर पर भरा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पहले हर साल हरियाणा से लगभग साढ़े पांच हजार नौजवान फौजी भर्ती होते थे, लेकिन भाजपा ने अग्निपथ योजना लागू करके हमारे नौजवानों से देश सेवा का यह अवसर ही छीन लिया, अब अग्निपथ योजना में पूरे हरियाणा से बमुश्किल 914 अग्निवीर ही भर्ती हो पाए, जिसमें से 75 प्रतिशत 4 साल बाद घर वापस आ जाएंगे, यानी करीब 225 अग्निवीर ही पक्के होंगे। निजी क्षेत्र में निवेश नहीं आने के चलते नए रोजगार पैदा नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिए हरियाणा आज बेरोजगारी में देश का नंबर वन राज्य बन चुका है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की भर्तियों में 80 एसडीओ में से 78 बाहर के चयनित हुए।



## एमडी अकेडमी की खिलाड़ी ने जीता गोल्ड

**चरखी दादरी।** झोझू कलां स्थित एमडी अकेडमी आफ साईंस की होनहार नेहा सांगवान ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल स्पर्धाओं के दौरान स्वर्ण पदक जीत कर संस्था के नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि पर अकेडमी संचालक सुरेश सांगवान ने विजेता तथा उसके परिजनों तथा सभी को बधाई दी है। जानकारी देते हुए बताया कि चेन्नई में इन दिनों खेलों इंडिया गेम्स चल रहे हैं। इस स्पर्धा में देशभर से आए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं। नेहा सांगवान ने भी कुश्ती के तहत अपनी चुनौती रखी थी। उसने अपने भारवर्ग 57 किलोग्राम के तहत सारे देश के विभिन्न प्रदेशों से आई हुए साथी प्रतिभागियों को पटखनी देते हुए शानदार तरीके से हरियाणा के लिए गोल्ड मैडल जीत कर प्रदेश, जिला व अकेडमी के नाम को रोशन किया है। उन्होंने बताया कि संस्था के अनेक विद्यार्थी लगातार शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी जिले के नाम को रोशन कर रहे हैं।



## परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को लेकर छात्रों में उत्साह

**लोहारू।** सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी के परीक्षा पर चर्चा को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह दिखाई दिया। वहीं अनेक भाजपा नेताओं ने भी सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुना। वहीं बीईओ विजय प्रभा भी मौजूद रही। राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय, मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, पीएमश्री कन्या विद्यालय और खंड के सरकारी विद्यालयों में स्क्रीन पर चल रहे प्रधानमंत्री मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों ने उत्साह दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि ये कार्यक्रम उनके लिए काफी उपयोगी रहा तथा आने वाली परीक्षा के दिनों में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सुझाई बातें काफी काम आएंगी। इस मौके पर प्राचार्य राजीव आर्य, संजय जांगड़ा, रमेश जांगड़ा, मा. राजीव वत्स, कमलेश भोड़ूका, आरती शर्मा, दिनेश कुमार, विजय जेबीटी, सुनीता, सुदेश कुमारी, निर्मला, सुनील ईवी सहित स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी मौजूद थे।

# आर्य वमावि में पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित

- समझ में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

कस्बा झोझू कलां स्थित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया प्रथम पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व छात्र.छात्राओं ने किया अपने विचार साझा। बच्चों ने संस्कृति का कार्यक्रम आयोजित कर सभी का किया जानदार शानदार स्वागत। समारोह का उद्घाटन प्राचार्य डॉक्टर परमेंद्र चित्तौड़िया, संस्था अध्यक्ष अशोक शर्मा, सचिव सुरेंद्र सांगवान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।


चरखी दादरी। आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए।

स्कूल के छात्रों ने मधुर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको बचपन की यादों को तरोताजा किया। समारोह में अपने स्कूली जीवन के अनुभव साझा करते हुए महंत सुखदेव नाथ ने कहा कि यहां शिक्षा, खेल और संस्कार तीनों का संगम है। शिक्षा आजकल पैसों में प्राप्त होती है। किसी भी संस्था से प्राप्त की जा सकती है। लेकिन संस्कार प्राप्त करना हर संस्था में दुर्लभ है।

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से शिक्षा के साथ.साथ संस्कार प्राप्त करके आज हम नाथ पंथ में दीक्षित होकर समाज की योग ,आयुर्वेद और संस्कारों के माध्यम से सेवाएं दे रहे हैं । इसका सारा श्रेय स्कूल को जाता है। पीएनबी बेरला के मैनेजर अमित जाखड़ ने अपने स्कूली जीवन के विचार सांझा करते हुए कहा कि स्कूल का कठोर अनुशासन और सवांगीण विकास की अवधारणा कारण हम आज हमने यह मुकाम हासिल किया है। कैप्टन जिले सिंह अकादमी के संचालक जयपाल सांगवान ने भी कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज में युवाओं के सपने को साकार करने का विचार मुझे प्राचार्य डॉक्टर परमेंद्र के व्यक्तित्व से प्राप्त हुआ। समारोह में लगभग 215 पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया तथा अपने अनुभवों को साझा किया।

## सरकार का अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण काबिले तारीफः शर्मा

**तोशाम।** भाजपा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल शर्मा ने प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशन गोवर्धन-मथुरा वाले से आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि हनुमान मंदिर से उनके पिता स्वर्गीय जियालाल की भी आस्था जुड़ी हुई थी और वे भी मंदिर में काफी बार पूजा-अर्चना के लिए आते थे। इसी कड़ी में उन्होंने भी मंदिर परिसर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और पुजारी पंडित रामकिशन से आशीर्वाद लिया। शर्मा ने कहा कि हिंदुस्तान से भारतीय संस्कृति व धर्म धीरे-धीरे कम हो रहा था, जो बहुत ही चिंतनीय विषय था।

## रोजगार विभाग व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का करेगा आयोजनः उपायुक्त

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मंदीप कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार विभाग द्वारा 29 जनवरी से 2 फरवरी तक जिला व उपमण्डल स्तर पर व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभाग कि टीम कार्यालय के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों, कालेज व आईटीआई मे जाकर विद्यार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन, कैरियर का चुनाव करने बारे मार्गदर्शन देगी। जिला रोजगार अधिकारी शशि ने बताया कि मार्गदर्शन सप्ताह के दौरान व्यवसाय का चुनाव करने मे आने वाली कठिनाइयों को कैसे कम किया जाए, इस बारे मे युवाओं को जागरूक किया जाएगा, जिससे विद्यार्थी भविष्य में अपनी क्षमता, रूचि और व्यक्तित्व अनुसार अपने व्यवसाय का साकारात्मक और प्रभावशाली तरीके से चुनाव कर सके।



## जिप वाइस चेयरमैन जांगड़ा विद्यार्थियों से हुई रूबरू

**लोहारू।** जिला परिषद की वाइस चेयरमैन सुनीता जांगड़ा ने कहा कि कहा कि सत्यनिष्ठ और मेहनत का कामयाबी के मार्ग को सुगम बनाते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा के दिनों में ध्यान केंद्रित कर पाठ्यक्रम का रिविजन करना चाहिए और नकल से दूर रहना चाहिए, इससे विद्यार्थी को अवश्य ही सफलता मिलती है। वे सोमवार को पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थी। बीईओ विजय प्रभा व प्राचार्य दर्शना कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतिनिधि संजय जांगड़ा ने विद्यार्थियों को अनेक टिप्स दिए। संजय ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में हाई क्वालीफाई स्टाफ होता है, जिनके मार्गदर्शन और ज्ञान से अनेक विद्यार्थियों ने ऊंचे ऊंचे मुकाम हासिल किए हैं। इस मौके पर विस विस्तारक रमेश जांगड़ा, जयवीर श्योराण, संजय सैनी, श्यामसुंदर दमकोरा, कुलदीप शर्मा, रवींद्र, रेखा कुल्हरी, अनिता शर्मा, प्रतिभा अहलावत, सुरेश भारद्वाज, हवासिंह आर्य सहित स्टाफ सदस्य विद्यार्थी मौजूद थे।

# महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का किया अनावरण

- सर्वपल्ली राधा कृष्ण लैब स्कूल में हुआ गीता उपदेश कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर में आज महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द द्वारा किया गया।

बोर्ड अध्यक्ष ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका पुराना नाम रत्नाकरदाह थाए लेकिन अपने महान कार्यो के कारण वो महर्षि वाल्मीकि नाम से चर्चित हुए। उन्होंने बताया कि संत वाल्मीकि को महर्षि और आदि कवि नामक उपाधियों से भी सम्मानित किया गया है जहां महर्षि का अर्थ महान संत या महान ऋषि है और आदि कवि का अर्थ है प्रथम कवि। यह हमारे हिन्दू महाकाव्य के महान पवित्र पुस्तक रामायण के लेखक भी हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड प्रांगण स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन-लैब स्कूल में गीता उपदेश कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभांरभ गीता के श्लोकों के उच्चारण से हुआ। कार्यक्त्रम में स्वामी ज्ञानानन्द द्वारा गीता का हमारे जीवन में महत्ता का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गीता उपदेश मनुष्य के मन को भटकाव से एकाग्रता की ओर लेकर जाता है, जिससे मनुष्य अपने दैनिक जीवन में भी सफलता प्राप्त कर पाता है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि गीता हमारे देश का गौरव है, विशेष रूप से हरियाणा की धरती पर इसका अवतरण होने के कारण हरियाणा का गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव, बोर्ड सचिव ज्योति मित्तल व मुख्य कार्याधिकारी अध्यक्ष विपिन कुमार एवं बोर्ड सचिव के पिता खजांची लाल मित्तल, दिल्ली से धर्मगुरू बाबा मंशा , सोलन से ऋषि परावर्ग्य, हिसार से स्वामी गुरूचरण , तोशाम से बृजेश, रोहतक से राजन बहोत, जीन्द से कैलाश बिढ़लान, डॉ. भारत भूषण टांक, अश्वनी कांगड़ा, तोशाम से मास्टर संजय पहिवाल, रॉकी पहिवाल, दादरी से संजय बिढ़लान, कुरूक्षेत्र से राधेश्याम ,भिवानी से डॉ. विनोद अंचल, आत्मप्रकाश टूटेजा, चन्द्र डेरी, नैन्शी एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।


भिवानी। महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### चार से पांच साल पहले निर्धारित राशि करवाई जा चुकी है जमा

# ट्यूबवेलों कनेक्शनों की मांग को लेकर बहल में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा बहल के कार्यकर्ताओं ने बिजली बोर्ड बहल के प्रांगण में धरना दिया और प्रदर्शन किया। सभा सदस्यों ने कहा कि चार से पांच साल पहले अनेक किसानों ने निर्धारित राशि जमा करवा दी थीए पर अभी तक उनको कनेक्शन जारी नहीं किए है। किसानों ने मांग की कि किसानों को अतिशीघ्र कनेक्शन जारी किए जाए और बिजली बिलों में बढ़ी सिक्योरिटी राशि के फैसले को वापस लिया जाए। सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा से जुड़े अनेक किसान बिजली घर पहुंचे। किसानों को किसान सभा के प्रदेश सचिव दयानंद पूनियाए जिला सचिव मा. जगरोशन व संयुक्त सचिव डॉ. बलबीर सिंह ठाकन ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के किसानों ने वर्ष 2019 में कृषि ट्यूबवैल के लिए तत्काल स्कीम के तहत पैसे जमा करवाए थे। पिछले पांच वर्षो से 3 से 4 लाख रुपये खर्च व जमा करवाने के बाद भी किसान कनेक्शन की आस में बिजली घरों के चक्कर काट रहे हैं पर, लंबा समय बीत जाने के बाद भी किसानों को कनेक्शन नहीं दिए गए है। इससे किसान हताश और परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ किसान हितैषी होने का दंभ भर रही है दूसरी और किसानों को परेशान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा. जजपा सरकार की नीति किसान विरोधी रही है और इसी कारण सरकार किसानों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। किसान फसल बुआई के समय डीएपी व यूरिया खाद के लिए किसान मारे मारे फिर रहे हैं। किसानों की फसलों सरसों, कपास के भाव भी एमएसपी से नीचे हैं।


बहल। बिजली निगम के एसडीओ को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत्
जुनेजा क्लीनिक
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
9728321662
पताः 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।